CS(M) EXAM2012

Sl. No.

**F-DTN-M-QTZA**

# PSYCHOLOGY

## Paper I

| *Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 300* |
|---|---|

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Question Nos. 1 and 5 which are compulsory, and any* ***three*** *of the remaining questions selecting at least* ***one*** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

***Important : Whenever a Question is being attempted, all its parts/sub-parts must be attempted contiguously. This means that before moving on to the next Question to be attempted, candidates must finish attempting all parts/sub-parts of the previous Question attempted. This is to be strictly followed.***

*Pages left blank in the answer-book are to be clearly struck out in ink. Any answers that follow pages left blank may not be given credit.*

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## Section 'A'

1. Answer the following, each in not more than 150 words : 12×5=60

   (a) Elucidate the contributions of Sir Francis Galton in shaping psychology.

   (b) Discuss the criteria of question-writing in a survey research.

   (c) Bring out the difference between 'sampling error' and 'error in sampling'. How 'sampling error' is reduced ?

   (d) Describe the role of epigenetic model in determining human behaviour.

   (e) Discuss the 'pay-off matrix' in relation to the signal detection theory.

2. Answer the following, each in not more than 250 words. 20×3=60

   (a) Discuss the three basic conditions for using 't'-test of significance. Describe *at least* five different uses of 't'-test with examples.

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 150 शब्दों से अधिक में न हो : 12×5=60

(क) मनोविज्ञान को निर्मित करने में सर फ्रान्सिस गाल्टन के अवदानों को स्पष्ट कीजिए।

(ख) एक सर्वेक्षण शोध में प्रश्न लेखन के मापदण्डों का विवेचन कीजिए।

(ग) 'प्रतिचयन त्रुटि' और 'प्रतिचयन में त्रुटि' में भेद स्पष्ट कीजिए। 'प्रतिचयन त्रुटि' कैसे घटाई जा सकती है ?

(घ) मानव व्यवहार के निर्धारण में पश्चजननिक माडल की भूमिका का वर्णन कीजिए।

(ङ) संकेत संज्ञापन सिद्धान्त के सम्बन्ध में 'भुगतान आव्यूह' (पे-ऑफ मैट्रिक्स) का विवेचन कीजिए।

2. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 250 शब्दों से अधिक में न हो : 20×3=60

(क) सार्थकता के 'टी'-परीक्षण के प्रयोग करने के तीन मूलभूत प्रतिबन्धों का विवेचन कीजिए। 'टी'-परीक्षण के **कम से कम** पाँच अनुप्रयोगों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

(b) Compare Sperling's experiments with that of Neisser's experiments in the study of sensory memory. What did these two experiments prove ?

(c) With suitable examples, critically evaluate both primary and secondary reinforcements and bring out their role in establishing conditioning.

**3.** Answer the following, each in not more than 400 words. 30×2=60

(a) In which way IRT is an improvement over classical test theory ? Compare the two approaches and critically evaluate Rasch's model of IRT.

(b) Describe Broadbent's filter theory of attention. Why this elegant theory turned out to be inadequate ? Comment upon the alternate approaches.

**4.** Answer the following, each in not more than 250 words. 20×3=60

(a) What is McCrary-Hunter 'invariance hypothesis' ? Discuss the shape and characteristics of serial position error curve in terms of 'invariance hypothesis'.

(ख) संवेदी स्मृति के अध्ययन में स्पर्लिंग के प्रयोगों की तुलना नाइसर के प्रयोगों से कीजिए। इन दोनों प्रयोगों ने क्या सिद्ध किया ?

(ग) समुचित उदाहरणों सहित प्राथमिक और गौण पुनर्बलकों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए और अनुबन्धन स्थापन में उनकी भूमिका स्पष्ट कीजिए।

**3.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 400 शब्दों से अधिक में न हो : 30×2=60

(क) किस प्रकार से आई आर टी प्राचीन परीक्षण सिद्धान्त पर एक सुधार है ? दोनों उपागमों की तुलना कीजिए और आई आर टी के रैश के माडल का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

(ख) अवधान के ब्राडबेण्ट के निस्यन्दक (filter) सिद्धान्त का वर्णन कीजिए। यह परिष्कृत सिद्धान्त कैसे अपर्याप्त पाया गया ? वैकल्पिक उपागमों पर टिप्पणी कीजिए।

**4.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 250 शब्दों से अधिक में न हो : 20×3=60

(क) मैक्क्रेरी और हण्टर की 'निश्चरता प्राक्कलना' क्या है ? 'निश्चरता प्राक्कलना' की विशिष्ट पदावली में क्रमिक स्थिति त्रुटि वक्र के आकार एवं विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

(b) Evaluate 'duplicity theory' of vision. Cite experimental evidences in support of this theory.

(c) Examine the impact of cultural factors on socialization process among children.

## Section 'B'

5. Answer the following, each in not more than 150 words : 12×5=60

(a) Discuss various dimensions of thought processes in relation to concept.

(b) Is facial expression of emotion innate or acquired ? Support your answer with suitable evidence.

(c) Discuss the modifications of Chomsky's 'transformational generative grammar'.

(d) Compare LISREL programme with that of SPSS in the analysis of multivariate data.

(e) Evaluate various factors which influence intrinsic motivation.

(ख) दृष्टि के 'द्वैधता सिद्धान्त' का मूल्यांकन कीजिए। इस सिद्धान्त के समर्थन में प्रायोगिक साक्ष्यों का उल्लेख कीजिए।

(ग) बालकों में सामाजीकरण प्रक्रम पर सांस्कृतिक कारकों के प्रभाव की परीक्षा कीजिए।

## खंड 'ख'

5. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 150 शब्दों से अधिक में न हो : 12×5=60

(क) सम्प्रत्यय के सम्बन्ध में चिन्तन प्रक्रम के विभिन्न आयामों का विवेचन कीजिए।

(ख) संवेग की मुखाकृतिक अभिव्यक्ति जन्मजात है या अर्जित ? अपने उत्तर को समुचित साक्ष्य से पुष्ट कीजिए।

(ग) चाम्स्की के 'रचनान्तरण प्रजनक व्याकरण' के सुधारों का विवेचन कीजिए।

(घ) बहुचर प्रदत्तों के विश्लेषण में एल आइ एस आर इ एल प्रोग्राम की तुलना एस पी एस एस के साथ कीजिए।

(ङ) आन्तरिक अभिप्रेरण को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों का मूल्यांकन कीजिए।

**6.** Answer the following, each in not more than 250 words. 20×3=60

(a) Compare 'multi-factor' theory of intelligence with that of theory of 'multiple intelligences'.

(b) Enumerate different stages of sleep. Discuss the effects of sleep deprivation on cognitive performance.

(c) Enumerate various methods of problem solving. Critically evaluate their advantages and limitations also.

**7.** Answer the following, each in not more than 400 words. 30×2=60

(a) What is the essence of a projective technique ? Critically evaluate perceptive, apperceptive and productive projective tests in the measurement of personality.

(b) Discuss A-B-C components of attitude. Describe the procedure of development of a tool for measurement of attitude.

6. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 250 शब्दों से अधिक में न हो : 20×3=60

(क) बुद्धि के 'बहु-कारक' सिद्धान्त की तुलना 'बहुविध बुद्धियों' के सिद्धान्त से कीजिए।

(ख) निद्रा की विभिन्न अवस्थाओं की संगणना कीजिए। संज्ञानात्मक निष्पादन पर निद्रा वंचन के प्रभावों का विवेचन कीजिए।

(ग) समस्या समाधान की विभिन्न विधियों की संगणना कीजिए। उनके लाभों एवं सीमाओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन भी कीजिए।

7. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 400 शब्दों से अधिक में न हो : 30×2=60

(क) प्रक्षेपी प्रविधि का मूल तत्त्व क्या है ? व्यक्तित्व के मापन में प्रात्यक्षिक, समवबोधक और उत्पादक प्रक्षेपी परीक्षणों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

(ख) अभिवृत्ति के ए-बी-सी घटकों का विवेचन कीजिए। अभिवृत्ति के मापन हेतु एक उपकरण के विकसित करने की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

8. Answer the following, each in not more than 250 words. 20×3=60

(a) What is meant by effective communication ? Evaluate various sources of effective communication.

(b) Critically evaluate the relationship between intelligence and creativity. Cite experimental evidences in support of your answer.

(c) How would you measure emotion of an individual ? Discuss the effect of emotion on behaviour.

**8.** निम्नलिखित के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 250 शब्दों से अधिक में न हो : $20 \times 3 = 60$

(क) प्रभावी सम्प्रेषण से क्या अभिप्राय है ? प्रभावी सम्प्रेषण के विभिन्न स्रोतों का मूल्यांकन कीजिए।

(ख) बुद्धि एवं सर्जनात्मकता के बीच सम्बन्ध का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। अपने उत्तर की पुष्टि में प्रायोगिक साक्ष्यों का उल्लेख कीजिए।

(ग) किसी व्यक्ति के संवेग का मापन आप कैसे करेंगे ? व्यवहार पर संवेग के प्रभाव का विवेचन कीजिए।

**F-DTN-M-QTZA**

# मनोविज्ञान

**प्रश्न-पत्र I**

*समय : तीन घण्टे* | *पूर्णांक : 300*

## अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*प्रश्न संख्या 1 और 5 अनिवार्य हैं। बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं।*

***यह आवश्यक है कि जब भी किसी प्रश्न का उत्तर दे रहे हों, तब उस प्रश्न के सभी भागों/उप-भागों के उत्तर साथ-साथ दें। इसका अर्थ यह है कि अगले प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए आगे बढ़ने से पूर्व पिछले प्रश्न के सभी भागों/उप-भागों के उत्तर समाप्त हो जांय। इस बात का कड़ाई से अनुसरण कीजिए।***

*उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े हुए पृष्ठों को स्याही में स्पष्ट रूप से काट दें। खाली छुटे हुए प्रश्नों के बाद लिखे हुए उत्तरों के अंक न दिए जाएँ, ऐसा हो सकता है।*

---

***Note :** English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*